a2zsubjects.com a2zsubjects.com

# छत्तीसगढ़ हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा, 2012

## 10वीं हिन्दी माध्यम

## विषय : हिन्दी विशिष्ट Set-A

**निर्देश:**– सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश:**— (i) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न खण्ड—अ-ब में विभाजित है, इस प्रश्न में निर्धारित अंक 10 हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 में 8 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 14 से 25 में सभी प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।

### खण्ड—अ

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) नोबेल पुरस्कार प्राप्त प्रथम भारतीय हैं :

(क) अमर्त्य सेन (ख) मदर टेरेसा

(ग) रविन्द्र नाथ टैगोर (घ) डॉ. हरिगोविंद खुराना

(ii) जगती-जगती में अलंकार है :

(क) यमक (ख) श्लेष

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) उपमा

(iii) कवि सूरदास को कहा जाता है :

(क) राष्ट्र कवि (ख) प्रकृति का सुकुमार कवि

(ग) भक्त कवि (घ) आदि कवि

(iv) कम्प्यूटर का शाब्दिक अर्थ है :

(क) गणक (ख) संगणक

(ग) अभिगणक (घ) प्रगणक

(v) हिन्दी साहित्य का वीरगाथा कहा जाता है :

(क) आदि काल को (ख) भक्ति काल को

(ग) रीति काल को (घ) आधुनिक काल को

### खण्ड—ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) करुण रस का स्थायी भाव .................. है।

(ii) अमिय शब्द का तद्भव रूप .................. है।

(iii) 'विनय पत्रिका' के रचनाकार .................. हैं।

(iv) महँगूदास गुरु घासी दासजी के .................. थे।

(v) ईश्वर में विश्वास रखने वाला .................. कहलाता है।

2. गीतिका छंद को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

3. नोबेल पुरस्कार का प्रारंभ किसने किया ?

4. किन्हीं **दो** खंड काव्यों के नाम तथा उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

5. उत्प्रेक्षा अलंकार किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।

6. राजकुमार अरुण कौशल देश में क्यों आया था ?

7. कहानी के **चार** प्रमुख तत्त्वों के नाम लिखिए।

8. इन्द्र के इन्द्रजाल से पंतजी का क्या तात्पर्य है ?

9. केकी रव कब सुनाई देता है ? और क्यों ?

10. "चारों तरफ जहरीले सर्प घूम रहे हैं।" इस कथन से क्या तात्पर्य है ? दीपदान एकांकी के आधार पर लिखिए।

11. कबीर मनुष्य को गर्व न करने का उपदेश क्यों देते हैं ?

12. पंथी गीत में किसकी महिमा का उल्लेख मिलता है ?

13. 'उधौ मोहि ब्रज बिसरत नाही।' इस उद्धरण में कृष्ण किन बातों को याद करते हैं ?

14. गांधीजी के जीवन में हास्य प्रवृत्ति का बहुत महत्व था। किन्हीं **दो** संस्मरणों के आधार पर उत्तर दीजिए।

**अथवा**

छत्तीसगढ़ अंचल की प्रमुख **चार** जातियों में पूजित देवताओं के नाम बताइए।

15. डॉ. रामकुमार वर्मा **अथवा** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**) (ii) भाषा-शैली (iii) साहित्य में स्थान

16. गूँगे और ज्ञानी की तुलना कर कबीर क्या बताना चाहते हैं ?

**अथवा**

श्री कृष्णा ने सुदामा की दरिद्रता को किस प्रकार दूर किया ?

17. कम्प्यूटर के प्रमुख अंगों के नाम तथा उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**अथवा**

शंखधारी व्यक्ति केवल उत्तर दिशा की ओर मुँह करके शंखनाद क्यों करना चा ता है ? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

18. महादेवी वर्मा **अथवा** सूरदासजी का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिये:

(i) रचनाएँ कोई **दो**

(ii) भावपक्ष की कोई तीन विशेषताएँ

(iii) कला पक्ष की कोई तीन विशेषताएँ।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

19. 'पंतजी ने कविता में पर्वतों का मानवीकरण किया है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

उत्साह एवं साहस में कोई **चार** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

20. आपका नाम विशालराम-मंडावी है। आप शा. बालक उ. मा. विद्यालय राजनांदगाँव में दसवीं के छात्र हैं। नगर निगम आयुक्त राजनांदगाँव को अपने मोहल्ले में सफाई न होने की शिकायत कीजिए।

**अथवा**

अपने मित्र रमेश दुग्गा को हाईस्कूल परीक्षा प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण होने पर एक बधाई पत्र लिखिए।

21. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये :

नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्दर हैं,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर हैं,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन हैं,
बंदी जन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन हैं,
करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।

**अथवा**

कबहूँ ससि माँगत आरि करैं,
कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं।
कबहूँ कर ताल बजाय कै नाचत,
मातु सबै मन मोद भरैं।।
कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै,
पुनिलेत सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा,
तुलसी मन मंदिर में बिहरैं।

22. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये :

'' साधना का एक चरम क्षण व्यर्थ जा रहा है बाबू! मैंने सात दिनों तक मंत्र साधना करके इस शंख में वह शक्ति उत्पन्न की है कि जिधर फूँक दूँ वही दिशा भस्म हो जाए, पर मुझे यह बताने वाला कोई नहीं है, कि उत्तर दिशा कहाँ है? कहाँ है उत्तर दिशा, कहाँ है?''
''उन्होंने व्यथित स्वरों से कहा और शंख हाथ में लेकर चारों ओर घूमने लगे और उनके साथ मैं भी घूमने लगा।''

**अथवा**

'' चारों ओर अँधेरा था, घरौंदो के पीछे, उन मकान कहलाने वाले घरौंदो के, जहाँ दिन-रात की मजदूरी से थका - माँदा जीवन बिना लहराए टकराता और टकरा-टकरा कर टूट जाता था और ये घरौंदे उसी तेजी से गला-पचा जीवन उगलते थे, जिस तेजी से दीवारों के पीछे कारखानों में तैयार माल।''

23. मधुलिका की **पाँच** चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

[illegible] स्नात् रमणी के सौंदर्य की तुलना वर्षा से क्यों की गई है? प्रकाश डालिए।

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :
(i) वर्तमान में कम्प्यूटर का महत्व।
(ii) पर्यावरण प्रदूषण-कारण और निवारण।
(iii) देश में बढ़ता भ्रष्टाचार।
(iv) शिक्षा का अधिकार।

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'' स्वस्थ शरीर के लिये व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम दो प्रकार का होता है—मानसिक और शारीरिक। पढ़ना, लिखना मनन-चिन्तन मानसिक व्यायाम के अंग हैं। घूमना, कसरत करना आदि शारीरिक व्यायाम कहलाता है। मानसिक व्यायाम के पश्चात् शरीर को विश्राम देना चाहिए। इसके साथ ही यह सत्य है कि मानसिक और बौद्धिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। जो लोग शारीरिक व्यायाम को अपने जीवन का लक्ष्य बना लेते हैं, उनके लिये व्यायाम का क्षेत्र अलग है। ऐसे लोगों के लिये यह व्यायाम आगे चलकर पहलवानी का उद्देश्य बन जाता है।''

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :
(i) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।
(ii) व्यायाम कितने प्रकार के होते हैं?
(iii) मानसिक व्यायाम के कौन-कौन से अंग हैं?
(iv) मानसिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये क्या आवश्यक है?
(v) स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है?

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com